# कार्यालयः– जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग

**Phone- (0788) 2330618, *E-mail dlsa.durg@gmail.com***

क्रमांक– 772 / एलएडीसीएस नस्ती / 2022 दुर्ग,दिनांक– 23 / 11 / 2024

प्रति,

श्रीमान प्रभारी अधिकारी,
कम्प्यूटर अनुभाग,
जिला न्यायालय दुर्ग

विषय :– एलएडीसीएस कार्यालय हेतु स्टाफ की भर्ती के संबंध में जारी विज्ञापन को जिला एवं सत्र न्यायालय की वेबसाईट में अपलोड किये जाने बाबत्।

संदर्भः– छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर का पत्र क्रमांक 7490 दिनांक 11.11.2024

––0––

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में लेख है कि जिले में स्थापितलीगल एड डिफेंस कौंसिल कार्यालय हेतु स्टाफ की भर्ती की जानी है। जिसके संबंध में भर्ती समिति, द्वारा जारी विज्ञापन की प्रति संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित की जा रही है।

अतः तत्संबंध में जारी भर्ती विज्ञापन की प्रति को जिला न्यायालय दुर्ग की वेबसाईट में अपलोड किये जाने हेतु संबंधितों को निर्देशित करने की कृपा कीजिये।

**(माननीय अध्यक्ष महोदया के आदेशानुसार)**

**संलग्नः– उपरोक्तानुसार।**

23/11/24

**( आशीष डहरिया )**
**सचिव**
**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,**
**दुर्ग (छ0ग0)**

# कार्यालय : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग (छ.ग.)

सिविल लाईन, गौरव –पथ, न्याय सदन, दुर्ग

Phone- (0788) 2330618, E-mail dlsa.durg@gmail.com


0–:: संविदात्मक भर्ती हेतु विज्ञापन ::–0

क्रमांक – /LADCS/जि.वि.से.प्रा./2024 दुर्ग, दिनांक: 23/11/2024

| | |
|---|---|
| आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 25/11/2024 प्रातः 11:00 बजे से |
| आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 13/12/2024 शाम : 05:00 बजे तक |
| आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल लाईन, गौरव पथ, न्याय सदन के कार्यालय में रखे Drop box के माध्यम से ही स्वीकार होंगे। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। | |

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई–दिल्ली तथा छ0ग0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के दिशा निर्देशों के परिपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम कार्यालय के क्रियान्वयन किये जाने हेतु लीगल एड डिफेंस कौंसिल में स्टाफ की नियुक्ति (संविदात्मक) एक वर्ष की अवधि हेतु अर्हता प्राप्त भारतीय नागरिकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

पदों का विवरण :–

| क्रमांक | पद का नाम | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | Office Assistants/Clerks | 02 |
| 2 | Office Peon (Munshi/Attendant) | 02 |

महत्वपूर्ण टीप :–

(1) उपरोक्त पदों की संख्या अपरिवर्तनीय है।

(2) परीक्षा तिथि में परिवर्तन करने का अधिकार जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के पास सुरक्षित रहेगा।

(3) भर्ती/चयन में किसी भी प्रकार की शंका/अनियमितता/शिकायत/विवाद की स्थिति आने पर इसमें अंतिम निर्णय/फैसला "चयन समिति" का होगा जो सर्वमान्य होगा।

**(1) वेतनमान (एकमुश्त) प्रतिमाह**

1. Office Assistants/Clerks- 20000/-
2. Office Peon (Munshi/Attendant)- 12000/-

**0–:: भर्ती की पात्रता एवं शर्तें ::–0**

**(a) Qualifications for Office Assistants/Clerks) :-**

* Educational Qualification : Graduation
* Basic work processing skills and the ability to operate computer and skills to feed data

* Good typing speed with proper seting of petition.
* Ability to take dictation and prepare files for presentation in the Courts.
* File maintenance and processing knowledge.

**(b) Qualifications for Office Peon (Munshi/Attendant) :-**

* Educational Qualification : 5th Class - 12th Class [(बारहवीं कक्षा) से अधिक योग्यताधारी अभ्यार्थियों के आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा]
* Good Character
* Mentally an Physically fit
* Dutiful & Obedient

टीप :–ड्राईव्हर, कुक, माली, इलेक्ट्रिशियन, बढ़ई एवं प्लंबर के कार्य के अनुभव प्राप्त उन उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जायेगी जिन्होंने अनुभव के संबंध में अधिकृत प्राधिकारी/संस्था का प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया हो। प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने पर ऐसे अभ्यर्थी की सेवा तत्काल बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जावेगी एवं उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी।

नोट :–

प्रत्येक आवेदक अपने आवेदन पत्र में अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता और अन्य संपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करेंगे तथा इस आशय का घोषणा पत्र प्रस्तुत करेंगे। आवेदक द्वारा शैक्षणिक योग्यता के संबंध में दी गई जानकारी अपूर्ण अथवा असत्य पाई जाती है तो चयन प्रक्रिया के किसी भी प्रक्रम पर अथवा नियुक्ति होने की स्थिति में, नियुक्ति किसी भी समय पर निरस्त /समाप्त की जा सकेगी।साथ ही संबधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी। आवेदक की नियुक्ति के पश्चात् उक्त तथ्य के ज्ञात होने पर आवेदक के ऐसे कृत्य को गंभीर कदाचरण माना जावेगा तथा केवल इसी आधार पर ही उसे सेवा से पृथक किया जा सकेगा।

**–::0 आयु सीमा एवं पात्रता की अन्य शर्ते ::–0**

(1) अभ्यर्थी का रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना चाहिए,जिसे प्रस्तुत आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किया जाना है।

(2) आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।

(3) प्रत्येक ऐसे अभ्यर्थी पात्र होंगे, जिनकी आयु दिनांक 01 जुलाई, 2024 को 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो। आयु संबंधी प्रमाण पत्र के लिए कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं के प्रमाण पत्र, जिसमें जन्म तिथि उल्लेखित हो मान्य होगा।

(4) अ. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

ब. कोई पुरूष अभ्यर्थी, जिसकी एक से अधिक पत्नियां जीवित हो, और कोई भी महिला अभ्यर्थी जिसने ऐसे व्यक्ति से विवाह किया हो,जिसकी पहले ही एक पत्नी जीवित हो, नियुक्ति का पात्र नहीं होगा।

(5) आवेदक को अच्छा चरित्र, शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वास्थ्य होना अनिवार्य है तथा किसी भी प्रकार के शारीरिक एवं मानसिक अस्वस्थता उसकी नियुक्ति हेतु अनर्ह होगी।

(6) कोई भी उम्मीद्वार बाल विवाह निषेध अधिनियम, 1929 के अंतर्गत पुरूष वयस्क अभ्यर्थी है, तो वह 18 वर्ष से कम उम्र की महिला से विवाह करता है तथा यदि महिला वयस्क अभ्यर्थी है तो उसने वयस्कता प्राप्त करने के बाद यदि 21 वर्ष से कम उम्र के पुरूष से विवाह करती है तो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होंगे।

(7) अभ्यर्थी किसी शासकीय या वैधानिक संस्था अथवा स्थानीय प्राधिकारी द्वारा सेवा से पृथक अथवा पदच्युत करते हुए सेवा के लिए अयोग्य घोषित किया गया हो या उसे घोर कदाचरण के लिए पदच्युक्त या सेवा समाप्त किया गया हो या निकाला गया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

(8) ऐसे अभ्यर्थी जिसे किसी आपराधिक प्रकरण में सिद्ध दोष ठहराया गया हो, नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा।

महत्वपूर्ण :-

(1) जो व्यक्ति चयन प्रक्रिया को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करने का प्रयास करेंगे उसकी उम्मीद्वारी किसी भी स्तर पर निरस्त कर दी जाएगी।

(2) जिन अभ्यार्थियों का आवेदन पत्र समयावधि में कार्यालय में प्राप्त होगा, उन आवेदन पत्रों की भर्ती कमेटी द्वारा निर्धारित की गई प्रक्रिया के अनुसार छंटाई के पश्चात् पात्र/अपात्र अभ्यार्थियों की सूची **जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग (छ0ग0) की वेबसाईट durg.dcourts.gov.in** पर अपलोड की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा अपात्रता के संबंध में आपत्ति की जा सकेगी। दावा आपत्ति की अंतिम तिथि **जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग (छ0ग0) की वेबसाईट durg.dcourts.gov.in** पर अपलोड किया जावेगा। दावा आपत्ति के अंतिम तिथि पश्चात् प्रस्तुत किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

(3) दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् पात्र आवेदकों को रोल नंबर आबंटित किया जावेगा। आबंटित रोल नंबर, नाम, पिता/पति का नाम, एवं पता सहित सूची, परीक्षा की तिथि, समय एवं स्थान की जानकारी **जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग (छ0ग0) की वेबसाईट durg.dcourts.gov.in** पर अपलोड की जाएगी । **जिला विधिक सेवा प्राधिकरण**, दुर्ग के सूचना पटल पर भी योग्य उम्मीद्वारों की सूची चस्पा की जायेगी तथा **जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग (छ0ग0) की वेबसाईट durg.dcourts.gov.in** पर भी अपलोड की जाएगी। प्राप्त आवेदन पत्रों की छंटाई की प्रक्रिया एवं मापदण्ड भर्ती कमेटी द्वारा निर्णित किया जायेगा, जो अंतिम होगा।

(4) अभ्यार्थियों को प्रवेश पत्र **जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग (छ0ग0) की वेबसाईट durg.dcourts.gov.in** के माध्यम से उपलब्ध कराई जायेगी, जिसे अभ्यार्थी डाऊनलोड करके स्वयं का फोटो चस्पा करते हुए एक वैध पहचान पत्र के साथ निर्धारित परीक्षा तिथि, समय एवं निर्धारित स्थान में उपस्थित हो सकेंगे।

(5) किसी कारण से अभ्यर्थी को परीक्षा की सूचना विलंब से प्राप्त होती है तो, उसके लिए कार्यालय की जिम्मेदारी नहीं होगी। इस संबंध में अभ्यर्थी स्वयं सचेत रहे और उक्त वेबसाईट का समय-समय पर अवलोकन करते रहे।

(6) त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, अस्पष्ट एवं बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, जिसकी सूचना अभ्यर्थी को देने हेतु बाध्यता नहीं रहेगी।

(7) कौशल परीक्षा के लिए अभ्यार्थियों को स्वयं के व्यय पर परीक्षा तिथि को प्रवेश पत्र निर्धारित स्थान व समय पर उपस्थित रहना होगा, उन्हें किसी प्रकार का यात्रा व्यय देय नहीं होगा।

(8) अभ्यार्थियों की संख्या अत्यधिक होने की स्थिति में कौशल परीक्षा में शामिल करने हेतु आवेदनों की शार्ट लिस्टिंग**(Short listing)** की जावेगी, जिसका मापदण्ड **नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा** द्वारा गठित भर्ती कमेटी/सब कमेटी तय करेगी।

(9) अभ्यार्थियों की संख्या अधिक होने की स्थिति में कौशल परीक्षा एक से अधिक पॉली में ली जा सकेगी।

**–::0 आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया ::–0**

(1)– आवेदन पत्र विज्ञापन के साथ संलग्न प्रारूप में प्रस्तुत किये जा सकेगें। पूर्णतः भरे आवेदन पत्र **दिनांक : 13/12/2024** के **शाम : 05:00 बजे** तक बंद लिफाफे में वांछित दस्तावेजों सहित जिस पर स्पष्ट रूप से आवेदित पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र लिखा हो, को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिविल लाईन, गौरव पथ, न्याय सदन के कार्यालय में रखे Drop box के माध्यम से प्रेषित/प्रस्तुत किये जा सकेंगे। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(2)– ऐसे अभ्यर्थी जो एक से अधिक पद हेतु आवेदन करना चाहते हैं उन्हें पृथक–पृथक आवेदन पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम लिखना अनिवार्य है।

(3)– विज्ञापन का विस्तृत अवलोकन **कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग (छ0ग0) के शासकीय वेबसाईट durg.dcourts.gov.in/कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग (छ0ग0) के** नोटिस बोर्ड में किया जा सकता है तथा विज्ञापन में दिये गये आवेदन पत्र के प्रारूप का उपयोग, डाऊनलोड कर किया जा सकता है।

(4)– आवेदन पत्र में आवेदक का पूर्ण नाम लिखा हुआ एवं दिनांक सहित स्वप्रमाणित पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो चस्पा होना चाहिए तथा पहचान पत्र के तौर पर आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें।

(5)– ई–मेल, फैक्स, कोरियर अथवा पंजीकृत डाक के द्वारा प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें। केवल बंद लिफाफे में आवेदन, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग कार्यालय में रखे ड्रॉप बॉक्स के माध्यम से स्वीकार किये जा सकेंगे। आवेदन पत्र **अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,दुर्ग (छ0ग0)** को संबोधित करते हुए, **कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,सिविल लाईन, गौरव पथ, न्याय सदन, दुर्ग (छ0ग0)** पिन – 491001 में रखे ड्रॉप बॉक्स में डाला जा सकता है।

(6)– बिना हस्ताक्षर, फोटोग्राफ्स एवं उचित दस्तावेज के अभाव में आवेदन निरस्त माना जायेगा।

(7)– आवेदक को चाहिए कि वह विज्ञापन में दिये गये निर्देशों तथा आवेदन पत्र में वांछित

सभी जानकारी अत्यंत सावधानीपूर्वक सही एवं पूर्ण जानकारी भरें। आवेदन पत्र में त्रुटि तथा अपूर्णता के आधार पर आवेदक को बिना सूचना दिये चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकेगा।

## –::0 नियुक्ति हेतु चयन विधि ::–0

### कार्यालय सहायक/क्लर्क पद हेतु

### प्रथम चरण : स्नातक के प्राप्तांक के आधार पर वरीयता

रिक्त पदों उचित पाये गये आवेदन पत्रों की संख्या को देखते हुए जारी पदों के **30 गुणा** अभ्यर्थियों की सूची उनके स्नातक में प्राप्त अंकों की प्रावीण्यता (मेरिट) पर जारी की जायेगी। समान अंकों की दशा में समान अंक प्राप्त किये अभ्यर्थियों को अवसर प्रदान किया जायेगा।

### द्वितीय चरण : कौशल परीक्षा

**कार्यालय सहायक/क्लर्क (संविदा) पद हेतु** :–उक्त पद हेतु कौशल परीक्षा **150** अंकों की होगी तथा साक्षात्कार 100 अंकों की होगी। उम्मीदवारों को 250 शब्द (लगभग) का हिन्दी गद्यांश को निर्धारित समय 10 मिनट की सीमा में शुद्धता से कम्प्यूटर में टाईप करना होगा, प्रत्येक त्रुटि के लिये 1/2 अंक काटा जावेगा, जो कि हेडिंग, बोल्ड, पैराग्राफ सैंटिंग, टेबल तथा टाईप की प्रत्येक अषुद्धि के लिये भी होगा। कौषल परीक्षा उबंटू लिनिक्स (Ubuntu Linux) लिबे ऑफिस Hindi-Vedmata/विंडोज ओ.एस. (Windows O.S.)/एम.एस.वर्ड. (Libre Office/MS Word) . Kruti dev में ली जावेगी।

टीप :–स्टेनोग्राफर की योग्यता रखने वाले उम्मीद्वारों को प्राथमिकता दी जावेगी। तत्संबंध में अधिकृत प्राधिकारी/संस्था का प्रमाण पत्र आवेदन पत्र के साथ संलग्न किया जाना होगा। प्रमाण पत्र फर्जी पाये जाने पर ऐसे अभ्यर्थी की सेवा तत्काल बिना किसी सूचना के समाप्त कर दी जावेगी एवं उसके विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही भी की जावेगी।

**मेरिट सूची** :– कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही वर्गवार मेरिट सूची तैयार की जावेगी। चयन हेतु अभ्यर्थी वरीयता सूची में समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्म तिथि के आधार पर वरीयता तय की जावेगी, जिस अभ्यर्थी की जन्म तिथि पहले होगी, उसे प्राथमिकता दी जावेगी। यदि दोनों अभ्यर्थी की जन्म तिथि समान होगी तो स्नातक में अधिक अंक प्राप्त करने वाले को प्राथमिकता दी जावेगी। यदि दोनों अभ्यर्थी की स्नातक में भी समान अंक होने पर कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर प्राथमिकता दी जावेगी।

कौशल परीक्षा के प्राप्तांक के मेरिट सूची के अनुसार रिक्त पद से **05 (पॉच)** गुना अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिये बुलाया जावेगा। साक्षात्कार कुल **100 अंक** का होगा।

**चयन प्रक्रिया** :– उक्त साक्षात्कार परीक्षा के वरीयता सूची के आधार पर सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी का चयन किया जावेगा । चयन हेतु अभ्यर्थी वरीयता सूची में समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्म तिथि के आधार पर वरीयता तय की जावेगी, जिस अभ्यर्थी

की जन्म तिथि पहले होगी, उसे प्राथमिकता दी जावेगी। यदि दोनों अभ्यर्थी की जन्म तिथि समान होगी तो कार्य अनुभव प्रमाण पत्र के आधार पर प्राथमिकता दी जावेगी।

**कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) के (संविदा) पद हेतु :–**

रिक्त पदों एवं उचित पाये गये आवेदन पत्रों की संख्या को देखते हुए रिक्त पदो के **30 गुणा अभ्यर्थियों** की सूची उनके कक्षा पॉचवी के प्राप्तांक प्रतिशत के आधार पर वरीयता क्रम में तैयार की जावेगी तथा इस सूची में आने वाले अभ्यर्थी को ही साक्षात्कार के लिए बुलाया जावेगा। साक्षात्कार कुल **100 अंक** का होगा।

साक्षात्कार उपरांत अभ्यर्थी वरीयता सूची में समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्म तिथि समान होने पर अंग्रेजी वर्णमाला के अनुसार जिस अभ्यर्थी का नाम प्रथम आयेगा, उसे प्राथमिकता दी जावेगी।

**टीप :–** यदि किसी अभ्यर्थी को कक्षा **5वीं** में ग्रेड सिस्टम से ग्रेड प्रदान किया गया है तो वह अभ्यर्थी की जिम्मेदारी है कि संबंधित स्कूल से **कक्षा 5वीं** में प्राप्त किये गये प्राप्तांकों एवं उनके प्रतिशत का प्रमाण पत्र प्राप्त कर, स्वप्रमाणित दस्तावेज निर्धारित आवेदन प्रारूप के साथ संलग्न करें।

"परीक्षा एक दिवस में समाप्त नहीं होने पर आगामी तिथि को भी लिया जायेगा।"

अ– लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार परीक्षा में प्राप्त अंकों का योग कर अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी, तत्पष्चात् उक्त मेरिट सूची को गोपनीय बंद लिफाफे में अनुमोदन हेतु **छ0ग0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर (छ0ग0)** प्रेशित किया जावेगा। **छ0ग0राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर** से अनुमोदन उपरांत चयनित अभ्यार्थियों की सूची एवं प्रतीक्षा सूची **जिला न्यायालय के वेबसाइट durg.dcourts.gov.in** में अपलोड की जावेगी। प्रतीक्षा सूची परिणाम घोषित होने की तिथि से एक वर्ष तक प्रभावशील रहेगी।

ब– चयन हेतु अभ्यर्थी की पात्रता/अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग (छ0ग0) को होगा।

स– चयनित उम्मीद्वारों को इस आशय का घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उसके विरूद्ध कोई आपराधिक प्रकरण वर्तमान में लंबित नहीं है तथा पूर्व में उसे किसी आपराधिक प्रकरण में दोषसिद्ध नहीं किया गया है। **जिला चिकित्सालय दुर्ग (छ0ग0)** के चिकित्सा बोर्ड के स्वास्थ्य (फिटनेस) प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही सेवा में लिया जावेगा। कार्यालय द्वारा चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति उपरांत उसका पुलिस वेरीफिकेशन भी कराया जावेगा, आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने की दशा में नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

**–::0 महत्वपूर्ण टीप ::–0**

यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताओं एवं शर्तो को पूरा करते हैं। आवेदन करने के पहले आवेदक

अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र प्रस्तुत करें। परीक्षा में शामिल किये जाने का अर्थ यह कदापि नहीं होगा कि आवेदक को अर्ह मान लिया गया है। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अनर्ह पाये जाने की दशा में आवेदन पत्र निरस्त कर उम्मीद्वारी समाप्त मानी जावेगी। नियुक्ति के पश्चात् कोई सारवान जानकारी छुपाये जाने पर कभी भी सेवा समाप्त की जा सकेगी तथा यदि किसी प्रकार की लापरवाही, कदाचार या पीड़ित/पक्षकार से अभद्रता अथवा धनराशि की मांग/लेन देन, इत्यादि के संबंध में लिखित अथवा मौखिक शिकायत प्राप्त होने की दशा में संबंधित कर्मचारी को कभी भी बिना पूर्व सूचना दिये सेवा से पदच्युत किया जा सकेगा।

प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित अभिलेख अंतिम चयन परिणाम के 06 माह के पश्चात् विनिष्टीकरण किये जाने योग्य होंगे। उक्त भर्ती प्रक्रिया के दौरान किसी को भी सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत जानकारी प्रदान नहीं की जायेगी। भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत केवल 03 माह तक ही सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी प्रदान की जायेगी।

(माननीय अध्यक्ष महोदया द्वारा अनुमोदित)

स्थान–दुर्ग

दिनांक 23.11.2024

23/11/24

वास्ते/– अध्यक्ष,
स्टाफ चयन समिति,
एलएडीसीएस कार्यालय
दुर्ग(छ0ग0)

# आवेदन पत्र का प्रारूप

## Office Assistants/Clerk(कार्यालय सहायक/क्लर्क)

प्रति,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सिविल लाईन, गौरव-पथ, न्याय सदन
दुर्ग (छ०ग०)

आवेदक का
स्वहस्ताक्षरित, नवीनतम
पासपोर्ट साईज
रंगीन फोटो
नाम एवं दिनांक सहित

(1) आवेदित पद का नाम –

(2) अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में) –

(3) अभ्यर्थी का पूरा नाम (In English Capital Letters)–

(4) लिंग : पुरूष / महिला (चिन्हांकित करें)

(5) पिता/पति का पूरा नाम –

(6) (अ) जन्मतिथि अंकों में ——————————————

जन्मतिथि शब्दों में –

(ब) दिनांक 01/11/2024 को आयु – वर्ष—— माह ——दिन ————

(7) स्नातक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत ——————————————

(8) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन – हाँ / नहीं (✓/चिन्हांकित करें)

(9) राष्ट्रीयता – : ..............................................

(10) (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता –

(ब) स्थायी पता (यदि उपरोक्त से भिन्न न हो तो 'तदैव'' लिखें –

| |
|---|
| |
| |

(11) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक– (स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्रमांक | |
|---|---|

दिनांक ————————————————————

(12) रोजगार कार्यालय का नाम –

(13) क्या अभ्यर्थी विवाहित है – हॉ / नहीं (चिन्हांकित करें)

(14) यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि ————————————————

(15) शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता (प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) –

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

(16) कार्यानुभव विवरण (प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) –

| क्र. | पद का नाम | संस्था का नाम | प्रथम नियुक्ति दिनांक | कुल वर्ष | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

(17) क्या अभ्यर्थी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत है ? हॉ/नहीं (चिन्हांकित करें)
(यदि हॉं तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(18) यदि अभ्यर्थी का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित हो ..............................

या उसे किसी न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया गया हो तो उसका विवरण – ..................................................
..................................................

(19) अभ्यर्थी का मोबाईल नंबर(In English Letters)– ..................................................

(20) संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

(1) .................................................. (2) ..................................................

(3) .................................................. (4) ..................................................

(5) .................................................. (6) ..................................................

(7) .................................................. (8) ..................................................

टीप :–स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित दस्तावेज मान्य किये जावेंगे।
बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

–// घोषणा //–

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि मिथ्या पाये जाते हैं तो मेरी उम्मीद्वारी/नियुक्ति/चयन निरस्त किये जाने योग्य होगी।

दिनांक : / /2024
स्थान : ..................................

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर ..................................................
नाम एवं पूरा पता ..................................................
..................................................

# आवेदन पत्र का प्रारूप
## Office Peon (Munshi/Attendant)

प्रति,

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
सिविल लाईन, गौरव-पथ, न्याय सदन
दुर्ग (छ0ग0)

आवेदक का
स्वहस्ताक्षरित, नवीनतम
पासपोर्ट साईज
रंगीन फोटो
नाम एवं दिनांक सहित

(1) आवेदित पद का नाम –

(2) अभ्यर्थी का पूरा नाम (हिन्दी में) –

(3) अभ्यर्थी का पूरा नाम (In English Capital Letters)–

(4) लिंग : पुरूष / महिला (✓चिन्हांकित करें)

(5) पिता/पति का पूरा नाम –

(6) (अ) जन्मतिथि अंकों में ——————————

जन्मतिथि शब्दों में –

(ब) दिनांक 01/11/2024 को आयु –

वर्ष———— माह ———— दिन ————

(7) (अ) 5वीं परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत ——————————

(ब) 8वीं परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत ——————————

(स) 10वीं परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत ——————————

(द) 12वीं परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत ——————————

(8) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन – हॉं/ नहीं (✓चिन्हांकित करें)

(9) राष्ट्रीयता ——————————

(10) (अ) पत्र व्यवहार का वर्तमान पता –

| |
|---|
| |
| |

(ब) स्थायी पता (यदि उपरोक्त से भिन्न न हो तो 'तदैव' लिखें –

| |
|---|
| |
| |

(11) रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं दिनांक –(स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें)

| क्रमांक | |
|---|---|

दिनांक ————————————————————

(12) रोजगार का कार्यालय का नाम –

| |
|---|
| |

(13) क्या अभ्यर्थी विवाहित है – हाँ / नहीं (✓चिन्हांकित करें)

(14) यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि ————————————

(15) शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता (प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) –

| क्र. | परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण होने का वर्ष | बोर्ड का नाम | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

(16) कार्यानुभव विवरण (प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें) –

| क्र. | पद का नाम | संस्था का नाम | प्रथम नियुक्ति दिनांक | कुल वर्ष | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

(17)क्या अभ्यर्थी शासकीय /अर्द्धशासकीय संस्था में कार्यरत है ? हॉ /नहीं (./चिन्हांकित करें)

(यदि हॉं तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें)

(18) यदि अभ्यर्थी का कोई प्रकरण न्यायालय में लंबित हो ..........................
या उसे किसी न्यायालय द्वारा दोषसिद्ध किया गया हो तो ..........................
उसका विवरण – ..........................

(19) अभ्यर्थी का मोबाईल नंबर(In English Letters)–

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | |

(20) संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची –

(1) .......................................... (2) ..........................................

(3) .......................................... (4) ..........................................

(5) .......................................... (6) ..........................................

(7) .......................................... (8) ..........................................

टीप :–स्वयं द्वारा अभिप्रमाणित दस्तावेज मान्य किये जावेंगे।

बिना हस्ताक्षर के प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

## –// घोषणा //–

मैं एतद् द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि इस प्रपत्र में दिये गये समस्त विवरण तथा संलग्न अभिलेख मेरी व्यक्तिगत जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य है और यदि मिथ्या पाये जाते हैं तो मेरी उम्मीदवारी/नियुक्ति/चयन निरस्त किये जाने योग्य होगी।

दिनांक : / /2024 ..........................................
स्थान : .............................. अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

नाम एवं पूरा पता ..........................................
..........................................